**SET-3**

**Series SGN**

कोड नं.
Code No. **59/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या* ***1 – 5*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***एक*** *अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या* ***6 – 10*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***दो*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***40*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***11 – 16*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***चार*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या* ***17 – 21*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***पाँच*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या* ***21*** *मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या* ***22 – 27*** *तक प्रत्येक प्रश्न* ***छः*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

**1.** ‘चिपको आंदोलन’ का नाम कैसे पड़ा ? *1*

How did the ‘Chipko Movement’ get its name ?

**2.** जन आंदोलनों के किसी एक लाभ को उजागर कीजिए । *1*

Highlight any one advantage of the popular movements.

**3.** अमरीकी वर्चस्व के अवरोधक के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *‘सत्य’* है ? *1*

(a) रूस की बढ़ती हुई शक्ति ।

(b) विश्व में फैला हुआ आतंकवाद ।

(c) अमरीकी राज्य का अपना सांस्थानिक ढाँचा ।

(d) एक नई आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय ।

Which one of the following statements is *‘true’* about the constraints on American hegemony ?

(a) The increasing power of Russia.

(b) The widespread terrorism in the world.

(c) The institutional structure of the American State itself.

(d) The rise of the India as a new economic power.

**4.** 1975 में लगाए गए राष्ट्रीय आपातकाल को लोगों द्वारा नापसन्द करने के लिए उत्तरदायी किसी एक कारण की पहचान कीजिए । *1*

Identify the reason responsible for the people’s disliking of the National Emergency imposed in 1975.

**5.** शीत युद्ध काल के दौरान संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ की विचारधाराओं में कोई एक अन्तर स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain any one difference between the ideologies represented by the US and the USSR during the Cold War period.

**6.** आपके विचार में, भारत द्वारा गुटनिरपेक्षता की नीति को चुनना कहाँ तक न्यायसंगत है ? *2*

In your opinion, how far is India justified in choosing the policy of non-alignment ?

**7.** स्तंभ 'A' में दिए गए तथ्यों का, स्तंभ 'B' में दिए गए तथ्यों से सार्थक मिलान कीजिए :

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | द्विराष्ट्र के सिद्धान्त को प्रस्तुत करने वाला नेता | (i) | सुकुमार सेन |
| (b) | जिसने 1952 में एक अलग राज्य की माँग की | (ii) | एम.ए. जिन्ना |
| (c) | भारत का प्रथम चुनाव आयुक्त | (iii) | सी. राजगोपालाचारी |
| (d) | स्वतंत्र पार्टी का संस्थापक | (iv) | पोट्टी श्रीरामुलु |

*$\frac{1}{2} \times 4 = 2$*

Match the facts given in Column 'A' with those in Column 'B' in a meaningful way :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | Proponent of two-nation theory | (i) | Sukumar Sen |
| (b) | Raised the demand for a separate State in 1952 | (ii) | M.A. Jinnah |
| (c) | First Election Commissioner of India | (iii) | C. Rajagopalachari |
| (d) | Founder of the Swatantra Party | (iv) | Potti Sreeramulu |

**8.** कोई दो उदाहरण देकर यह दर्शाइए कि वैश्वीकरण ने हमारी खाने-पीने की आदतों को प्रभावित किया है । *1×2=2*

Give any two examples to show that globalisation has affected our food habits.

**9.** पर्यावरण संबंधी किन्हीं दो मुद्दों का उल्लेख कीजिए जो वैश्विक राजनीति की चिन्ता का विषय बन चुके हैं । *1×2=2*

Mention any two environmental issues that have become the concern of global politics.

**10.** शॉक थेरेपी (आघात पहुँचाकर उपचार करना) के किन्हीं दो परिणामों का आकलन कीजिए । *1×2=2*

Assess any two consequences of shock therapy.

**11.** ‘गठबंधन की सरकारें, भारत में लोकतंत्र के लिए वरदान सिद्ध हुई हैं ।’ इस कथन के पक्ष में कोई दो उपयुक्त तर्क दीजिए । *2×2=4*

‘Coalition Governments proved to be a boon for democracy in India.’ Support this statement with any two suitable arguments.

**12.** नर्मदा बचाओ आंदोलन की किन्हीं चार माँगों को सूचीबद्ध कीजिए । *1×4=4*

List any four demands of the Narmada Bachao Andolan.

**13.** किन दो मुख्य उम्मीदों के आधार पर 1945 में, संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी ? संयुक्त राष्ट्र के किन्हीं दो अंगों तथा दो एजेंसियों का उल्लेख कीजिए । *2+2=4*

State the two main expectations on the basis of which the United Nations was formed in 1945. Mention any two organs and agencies each of the UN.

**14.** प्रथम तथा द्वितीय पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्यों तथा उपलब्धियों की तुलना कीजिए । इस आधार पर यह निष्कर्ष निकालिए कि दोनों में से कौन-सी योजना ने भारत के विकास को एक नया आयाम दिया । *3+1=4*

Compare the aims and achievements of the First and the Second Five Year Plans to conclude which of the two was a turning point in India’s development.


**15.** भारत की परमाणु नीति की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain the Nuclear Policy of India.

**16.** यूरोपीय संघ को प्रभावशाली संगठन बनाने वाले किन्हीं चार कारकों की व्याख्या कीजिए । *1×4=4*

Explain any four factors that make the European Union an influential organisation.

**17.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :





(i) इस कार्टून से सम्बन्धित दर्शाए देश को पहचानिए ।

(ii) इस देश में चल रही शासन प्रणाली का मूल्यांकन कीजिए ।

(iii) भारत की शासन व्यवस्था कार्टून से सम्बन्धित देश की शासन व्यवस्था से किस प्रकार भिन्न है ? *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow :




(i) Identify the country related to this cartoon.

(ii) Evaluate the system of governance being practised in this country.

(iii) How is the system of governance in India different from that of the country related to the cartoon ?

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 17 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 17 :*

(17.1) बांग्लादेश कब से कब तक पाकिस्तान का एक भाग था ? उल्लेख कीजिए ।

(17.2) भारत और चीन के बीच विवाद के किन्हीं दो मुद्दों को उजागर कीजिए ।

(17.3) 'सार्क' (दक्षेस) के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए । *1+2+2=5*

(17.1) Mention the period for which Bangladesh was a part of Pakistan.

(17.2) Highlight any two conflicts between India and China.

(17.3) Name any four member countries of the 'SAARC'.

**18.** निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

परस्पर विरोधी गुटों के अपेक्षाकृत छोटे देशों ने महाशक्तियों के साथ अपने-अपने जुड़ाव का इस्तेमाल निजी हित में किया । इन देशों को स्थानीय प्रतिद्वंद्वी देश के खिलाफ सुरक्षा का वायदा मिला, हथियार और आर्थिक मदद मिली । इन देशों की अपने पड़ोसी देशों से होड़ थी । महाशक्तियों के नेतृत्व में गठबंधन की व्यवस्था से पूरी दुनिया के दो खेमों में बँट जाने का ख़तरा पैदा हो गया ।

(i) इस अवतरण में उल्लिखित दोनों महाशक्तियों के नाम लिखिए ।

(ii) गठबंधन की व्यवस्था ने छोटे देशों को अपने पड़ोसी देशों से रक्षा का आश्वासन कैसे दिया ?

(iii) महाशक्तियों द्वारा छोटे देशों को अपने गठबंधन में शामिल करने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The smaller States in the alliances used the link to the superpowers for their own purposes. They got the promise of protection, weapons and economic aid against their local rivals, mostly regional neighbours with whom they had rivalries. The alliance systems led by the two superpowers, therefore, threatened to divide the entire world into two camps.

(i) Name the two superpowers that are referred to in this passage.

(ii) How did the 'alliance systems' assure to protect the smaller States from their regional neighbours ?

(iii) Explain any two reasons for the big powers to have smaller countries as their allies.

**19.** निम्नलिखित अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भाषावार राज्यों के पुनर्गठन से विभिन्नता के सिद्धान्त को स्वीकृति मिली । जब हम कहते हैं कि भारत ने लोकतंत्र अपनाया है तो इसका सीधा-सा मतलब इतना भर नहीं होता कि ... भारत में चुनाव करवाए जाते हैं । भारत के लोकतांत्रिक होने का एक वृहत्तर अर्थ है । लोकतंत्र को चुनने का अर्थ था विभिन्नताओं को पहचानना और उन्हें स्वीकार करना । साथ ही यह भी मानकर चलना कि विभिन्नताओं में आपसी विरोध भी हो सकते हैं ।

(i) भारत में लोगों के सांस्कृतिक जीवन में विभिन्नता के किन्हीं दो रूपों की पहचान कीजिए ।

(ii) किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा दर्शाइए कि भारत में लोकतंत्र, विचारों की बहुलता और विभिन्नताओं की स्वीकार्यता से जुड़ा हुआ है ।

(iii) लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में चुनावों की भूमिका का आकलन कीजिए । *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The linguistic states underlined the acceptance of the principle of diversity. When we say that India adopted democracy, it does not simply mean that India … adopted the format of elections. The choice was larger than that. It was a choice in favour of recognising and accepting the existence of differences which could at times be oppositional. Democracy, in other words, was associated with plurality of ideas and ways of life.

(i) Identify any two forms of diversity in the cultural life of people in India.

(ii) Give any two examples to show that democracy in India is associated with plurality of ideas and acceptance of differences.

(iii) Assess the role of elections in strengthening democracy.

**20.** निम्नलिखित उद्धरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आपातकाल से हर कोई नागरिक अधिकारों के प्रति ज़्यादा सचेत हुआ । आपातकाल की समाप्ति के बाद अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाई । न्यायपालिका आपातकाल के वक्त नागरिक अधिकारों की कारगर तरीके से रक्षा नहीं कर पाई थी ।

(i) 1975 में घोषित आपातकाल के दौरान भारत के नागरिकों का कौन-सा मूल अधिकार सबसे अधिक प्रभावित हुआ ?

(ii) आपातकाल के पश्चात्, अदालतों ने व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभानी क्यों शुरू की ?

(iii) क्या 'नागरिक अधिकारों के अधिकार' पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए ? अपने उत्तर के पक्ष में एक उपयुक्त तर्क दीजिए । *1+2+2=5*

Study the following passage carefully and answer the questions that follow :

The Emergency made everyone more aware of the value of civil liberties. The Courts too, have taken an active role after the Emergency in protecting the civil liberties of the individuals. This is a response to the inability of the judiciary to protect civil liberties effectively during the Emergency.

(i) Which Fundamental Right of the citizens was affected the most during the Emergency period in 1975 ?

(ii) Why did the judiciary start taking an active role after the Emergency in protecting the civil liberties of the individuals ?

(iii) Should there be no restriction on the 'Right to Civil Liberties' ? Support your answer with one suitable argument.

**21.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के अनुसार अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जो 1947 में विभाजन के समय बँट जाने के कारण अस्तित्व में आया ।

(ii) वह देशी रियासत जिसके शासक ने भारत के साथ अपने विलय का विरोध किया था ।

(iii) वह राज्य जहाँ भारत के प्रथम आम-चुनाव में काँग्रेस पार्टी बहुमत पाने में असफल रही थी ।

(iv) भारत का 29वाँ राज्य ।

(v) वह राज्य जिसका गठन 1966 में किया गया । *5×1=5*

In the given political outline map of the **India**, five states have been shown as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of information given below and write their correct names in your answer book with the respective serial number of the information used and the alphabet concerned as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Alphabet concerned | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State which came into existence due to bifurcation at the time of partition in 1947.

(ii) A Princely State whose ruler resisted its merger with India.


(iii) The State where the Congress Party failed to win majority in the First General Elections of India.

(iv) The $29^{th}$ State of India.

(v) The State which was created in 1966.

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) भारत के पश्चिम में किस राज्य का बँटवारा 1947 में विभाजन के समय हुआ था ?

(21.2) किस देशी रियासत के निज़ाम ने भारतीय संघ में अपने विलय का विरोध किया था ?

(21.3) 1952 में भारत के प्रथम आम-चुनाव में काँग्रेस किस राज्य में बहुमत प्राप्त नहीं कर सकी ?

(21.4) भारत के 29वें राज्य का नाम लिखिए ।

(21.5) 1966 में किस राज्य का गठन किया गया ? *5×1=5*

(21.1) Which Western State of India was bifurcated at the time of partition in 1947 ?

(21.2) Nizam of which Princely State opposed its merger with the Union of India ?

(21.3) In which State could the Congress not win majority in the First General Elections of India in 1952 ?

(21.4) Name the $29^{th}$ State of India.

(21.5) Which State was created in 1966 ?

**22.** सहमति के ऐसे किन्हीं तीन मुद्दों को उजागर कीजिए जो यह दर्शाएँ कि तीव्र प्रतिद्वन्द्विता और विवादों के बीच अधिकांश राजनीतिक दलों में आम सहमति उभरी है । *2×3=6*

**अथवा**

भारत की राष्ट्रीय अखण्डता और एकता को सुदृढ़ बनाने हेतु ऐसे कोई तीन उपाय सुझाइए जो आपकी राय में अत्यंत प्रभावशाली हों । *2×3=6*

Highlight any three issues of consensus to show that in the midst of severe competitions and conflicts, a consensus has appeared among most political parties.

**OR**

Suggest any three measures which, in your opinion, are very effective to strengthen the national integrity and unity of India.

**23.** 1977 में आपातकाल हटाए जाने के बाद भारत में घटी किन्हीं तीन मुख्य राजनीतिक घटनाओं का वर्णन कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

ऐसी किन्हीं तीन मुख्य घटनाओं का वर्णन कीजिए जिनके परिणामस्वरूप 1969 में काँग्रेस पार्टी का औपचारिक विभाजन हुआ । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

Describe any three major political developments that took place in India after the lifting of Emergency in 1977.

**OR**

Describe any three major events that led to the formal split in the Congress Party in 1969.

**24.** पर्यावरण की रक्षा के लिए ऐसे कोई चार कदम सुझाइए जिन्हें भारत सरकार द्वारा तुरंत उठाया जाना चाहिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

**अथवा**

ऐसे कोई चार कदम सुझाइए जो भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जाने चाहिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

Suggest any four steps that the Government of India should immediately take to save the environment.

**OR**

Suggest any four steps that the Government of India should take to popularise the Indian culture at the global level.

**25.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संगठनात्मक ढाँचे और कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए । *3+3=6*

**अथवा**

सुरक्षा को ख़तरे के किन्हीं तीन नए स्रोतों का वर्णन कीजिए । *2×3=6*

Describe the organisational structure and working the U.N. Security Council.

**OR**

Describe any three new sources of threat to security.

**26.** सैन्य शक्ति के रूप में अमरीकी वर्चस्व का परीक्षण कीजिए । *6*

**अथवा**

पाकिस्तान में लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का विश्लेषण कीजिए । *6*

Examine the hegemony of the United States as a hard power.

**OR**

Analyse the working of democracy in Pakistan.

**27.** सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों को स्पष्ट कीजिए । *6×1=6*

**अथवा**

शीत युद्ध को हथियारों की होड़ के साथ-साथ हथियारों के नियंत्रण की ओर ले जाने वाले किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए । *3×2=6*

Explain any six reasons responsible for the disintegration of the USSR.

**OR**

Explain any three reasons that led the Cold War to an arms race as well as arms control.